छत्तीसगढ़ विधान सभा सचिवालय, रायपुर

पत्र क्रमांक 6403 /वि.स./स्टे./2016–2017 रायपुर, दिनांक 02.7.2016

कपड़ा क्रय हेतु निविदा आमंत्रण सूचना

वित्तीय वर्ष 2016–17 की अवधि में छ.ग. विधान सभा सचिवालय के अधिकारी/कर्मचारियों के उपयोगार्थ अच्छी गुणवत्ता के ब्लेजर हेतु कपड़े की आवश्यकता है। इस हेतु प्रतिष्ठित कम्पनी के अधिकृत फर्मो/डीलरों से स्थापित ब्राण्ड, क्वालिटी नम्बर के कपड़ों के नमूनों के साथ सीलबंद/मुहर बंद निविदाए दिनांक .25.07.2016 को अपरान्ह 3:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

निविदा की शर्तें एवं विस्तृत विवरण स्टेशनरी शाखा छ.ग.विधान सभा सचिवालय, विधान नगर, बलौदा बाजार रोड, रायपुर से कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती है सचिवालय से खाली निविदा प्रपत्र दिनांक...23.07..2016 को अपरान्ह 03.00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते हैं। विस्तृत विवरण छत्तीसगढ़ विधान सभा की वेबसाइड www.cgvidhansabha.gov.in से डाउनलोड भी किये जा सकते हैं ।

किसी भी निविदा को मान्य अथवा अमान्य करने का सर्वाधिकार प्रमुख सचिव, छत्तीसगढ़ विधान सभा को होगा।

अपर सचिव
छत्तीसगढ़ विधान सभा

निविदा की शर्तें

01. प्रतिष्ठित ब्राण्डेड कम्पनी के लगभग 250.00 मीटर ब्लेजर कपड़ा प्रदाय हेतु, निविदाकार को कपड़े का नमूना संलग्न करते हुए उनका शेड क्रमांक व क्वालिटी नंबर दर्शाना होगा। सुसंगत शेड कार्ड एवं कंपनी का प्राइस लिस्ट भी आवश्यक रूप से संलग्न करना आवश्यक होगा।

02. निविदाकार को अपनी निविदा में "समस्त कर सहित दर प्रति मीटर" तथा इस पर देय छूट आदि का स्पष्ट उल्लेख करना आवश्यक होगा।

03. प्रत्येक निविदा के साथ अमानत राशि के रूप में प्रमुख सचिव, छत्तीसगढ़ विधान सभा के पक्ष में देय रूपये 10,000/– (अक्षरी दस हजार मात्र) का बैंक ड्राफ्ट, पे आर्डर संलग्न करना अनिवार्य है, अमानत राशि का ड्राफ्ट तथा कपड़ों के नमूने संलग्न नही होने पर उन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

04. जिस निविदाकार की निविदा स्वीकृत होगी, उनकी अमानत राशि आदेशित वर्दी कपड़ा प्रदाय पूर्ण होने के उपरांत अन्तिम भुगतान पूर्ण होने की तिथि से 15 दिवस में आवेदन प्रस्तुत करने पर लौटाई जावेगी, एवं इस अवधि का कोई ब्याज देय नहीं होगा।

05. जिन निविदाकारों की निविदा स्वीकृत नहीं होगी, उनकी अमानत राशि बिना किसी ब्याज के 01 माह के अन्दर आवेदन प्रस्तुत करने पर मुक्त की जा सकेगी।

06. ब्लेजर कपड़े की गॉरण्टी/वॉरण्टी अविध का उल्लेख करना होगा।

07. निविदाकर्ता को विगत तीन वर्षो का आयकर विवरणी दाखिला की प्रति प्रस्तुत करना होगा।

08. निविदाकर्ता को वाणिज्यकर पंजीयन प्रमाण–पत्र संलग्न करना होगा।

09. निविदाकर्ता को संबंधित फर्म का अधिकृत विक्रेता प्रमाण–पत्र की प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना होगा।

10. मुहरबंद निविदाएं प्रमुख सचिव, छत्तीसगढ़ विधान सभा, विधान नगर, बलौदाबाजार रोड, रायपुर के पते पर प्रेषित करें, साथ ही लिफाफे पर ''ब्लेजर वर्दी कपड़ा प्रदाय हेतु दर संबंधी निविदा'' अंकित करना होगा। सचिवालय में निविदा प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि दिनांक..................को ....बजे तक है। सचिवालय से खाली निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अन्तिम तिथि ....अपरान्ह....................तक है।

11. चयनित निविदाकार को प्रदाय आदेश प्राप्ति की तिथि से 30 दिवस की अवधि में चयनित ब्राण्ड, क्वालिटी का ब्लेजर वर्दी कपड़ा आदेशित मात्रा में सचिवालय में उपलब्ध कराना आवश्यक होगा अन्यथा स्थिति में प्रदाय आदेश निरस्त किया जा सकेगा।

12. किसी भी निविदा को मान्य अथवा अमान्य करने का सर्वाधिकार प्रमुख सचिव छत्तीसगढ़ विधान सभा को होगा।

मुझे उपरोक्त सभी शर्तें मान्य है।

स्थानः–

दिनांकः–

हस्ताक्षर निविदाकर्ता

एवं फर्म की सील